सोनी ने बताया कि इस शिविर में देश के विभिन्न राज्यो से आए कैडेट्स ने अपने राज्य की संस्कृतियो का आदान-प्रदान किया। कैडेट्स तबस्सुम खान ने आजादी का अमृत महोत्सव विषय पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। प्राचार्या डा. साधनासिंह व उपप्राचार्या डा. जयश्री सेठिया ने दोनो छात्राओ का स्वागत किया।

तारानगर. मां जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय तारानगर में खेल विभाग की ओर से चल रहे खेलकूद सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को शतरंज व कैरम प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। खेलकूद प्रभारी शंकरलाल ने बताया की शतरंज के पुरूष वर्ग में सुरेन्द्र कुमार विजेता व उपविजेता एवं महिला वर्ग में डिम्पल विजेता व कविता उपविजेता रही। इसी प्रकार कैरम पुरूष वर्ग में राहुलसिंह राठौड विजेता व सन्दीप कुमार उपविजेता एवं महिला वर्ग में भूमिका आचार्य विजेता व प्राची आचार्य उपविजेता रही। इस दौरान महाविद्यालय के राजेन्द्र कस्वा, सरिता, हरि कृष्ण, छगनदान चारण, अंकिता चौधरी, अन्नु महला आदि संकाय सदस्य व महाविद्यालय विद्यार्थी उपस्थित थे।